हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन



12 दीप जलाकर लिया आरोग्य का आशीर्वाद..








## खबर संक्षेप

### 6 जुआरी गिरफ्तार 1.73 लाख बरामद

**भाटापारा।** शहर पुलिस ने घेराबंदी कर रामलीला मैदान गांधी मंदिर वार्ड भाटापारा में जुआ खेलते हुए 6 जुआरिओं को गिरफ्तार किया। आरोपियों से नगदी 1,73,990 रुपए जब्त किए गए। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। आरोरियों में मनीष मंधान निवासी संत कंवर राम वार्ड, सुरेश धरानी निवासी मातादेवालय वार्ड, श्रवण कुमार निवासी भाटापारा, हरिकेश लहरे निवासी महासती वार्ड, दीपक ठाकुर निवासी माता देवालय वार्ड और जगदीश बजाज निवासी महासती वार्ड के हैं।

### जातिसूचक गाली देकर मारपीट, अपराध दर्ज



**महासमुंद।** पूजा के दौरान पंगत में प्रसाद ग्रहण कर रहे दो लोगों के साथ जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम जमड़ी के भरत डडसेना के घर 5 सितंबर को सत्यनारायण पूजा के बाद पंगत में प्रसाद ग्रहणकर रहे अजय कुमार लोहा पिता शोभित राम लोहा और संजय सागर पिता शक्राजीत सागर के साथ जमड़ी के विजय कुमार पटेल ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 296 बीएनएस, 3(1)(द), 3(2)(व) एसटीएससी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहे दो लोगों के खिलाफ बागबाहरा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम घुंचापाली के आम रोड में कुछ लोगों के द्वारा बीच रोड में बैठकर शराब का सेवन किया जा रहा था। इन लोगों ने पुलिस को देखकर शराब की शीशीयों को तोड़कर नष्ट कर दिया। जब घेराबंदी कर पकड़ा गया तो आरोपियों ने अपने नाम मनीष कुमार पिता गेंदराम नारंग (27 साल) और दीपक पिता तेजू राम नारंग (24 साल निवासी वार्ड नं 13 मनबाय बताए। आरोपियों के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### धनतेरस पर्व पर बनाई रंगोली

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में धनतेरस पर्व पर युवतियों ने रंग बिरंगी रंगोली बनाई। खुशबू, जागृति, साक्षी, मेघा, प्रियंका, आक्या ने कहा कि हिंदू धर्म में धनतेरस का पर्व हर साल कार्तिक महीना के त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है और धनतेरस पर्व से पांच दिनों तक चलने वाला दीपावली का उत्साह शुरू हो जाता है।

# हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा ने पारित किया दंडादेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के नयन दास स्मृति स्थल में दो साल पहले 27 नवम्बर को आयोजित शादी समारोह में पहुंची बारात के दौरान डीजे में नाचने के नाम पर तीन युवकों ने बाराती से मारपीट कर हत्या कर दी थी। वहीं कई लोगों को गंभीर चोट पहुंचाई गई थी। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा ने सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों को आजीवन कारावास का दंडादेश पारित किया है।

जानकारी के अनुसार 27 नवंबर 2022 की रात महंत नयनदास स्मृति स्थल में मुंगेली से बारात आयी थी, जहां शादी रिसेप्शन में बज रहे डीजे में डांस करने की बात को लेकर आरोपी पिंटू बंजारे 24 वर्ष, करन बंजारे 22 वर्ष, पंकज बंजारे 19 वर्ष सभी निवासी मिशन परसाभदेर द्वारा बारातियों से झगड़ा विवाद करना शुरू कर दिया तथा आरोपियों द्वारा एक राय होकर, आवेश में आकर पत्थर, डंडा आदि से मृतक गणेशराम पाटले को गंभीर चोट पहुंचाते हुए उसकी हत्या कर दी गई। साथ ही बारात में आए हुए अन्य लोगों को भी चोंटे आई थी। इस रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 147, 148, 325, 323, 294, 302, 149, 427 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा प्रकरण में शामिल आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करते हुए उत्कृष्ट विवेचना एवं जांच कार्यवाही कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



**अपराध सिद्ध होना पाया गया**

न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार राकेश कुमार वर्मा ने प्रकरण की गंभीरता एवं साक्ष्यों के परिशीलन करने बाद आरोपियों द्वारा किया गया, अपराध सिद्ध होना पाया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में शामिल आरोपी पिंटू बंजारे, करन बंजारे एवं पंकज बंजारे को भादवि की धारा 302, 34 में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया। प्रकरण की संपूर्ण विवेचना एवं जांच कार्रवाई थाना सिटी कोतवाली से तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक यदुमणी सिदार एवं शासन की ओर से पैरवी राजेश द्विवेदी लोक अभियोजक द्वारा की गई है।

# तेज रफ्तार कार ने मोपेड को मारी टक्कर, घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

दिवाली की खरीदी के लिए निकले पिता-पुत्री सड़क हादसे का शिकार हो गए। मामला गिधपुरी थाना क्षेत्र ग्राम मोहान के पास खपरी मोहान के बीच का है। मोहान निवासी प्रेम लाल निषाद 55 वर्ष अपनी बेटी सगाबती निषाद 22 वर्ष के साथ दीपावली की खरीदारी के लिए निकले थे। दोनों मोपेड से वटगन बाजार जा रहे थे। शाम लगभग 4 बजे जैसे ही वे मोहान गांव से बाहर निकले, एक खतरनाक मोड़ पर उनकी मोपेड का सामना तेज रफ्तार कार से हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिता–पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद गिधपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पलारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बलौदाबाजार रेफर कर दिया गया है। गिधपुरी पुलिस ने कहा कि घायलों का उपचार चल रहा है और हम घटना की जांच कर रहे हैं।

- पिता–पुत्री गंभीर रूप से घायल, उपचार जारी

# पटाखा दुकानों का सुरक्षा आडिट हुआ



**भाटापारा।** कलेक्टर के निर्देश पर रामलीला मैदान भाटापारा स्थित फटाखा दुकान का मंगलवार को सुरक्षा ऑडिट किया गया। तहसीलदार, सीएमओ, पी.डब्ल्यू.डी. विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण कर सुरक्षा ऑडिट किया। दो दुकानदारों का अग्निशमन यंत्र एक्सपायरी होने पर उसे बदले जाने के निर्देश दिए तथा तीन दुकानदारों को रेत नहीं होने ▶▶ शेष पेज 11 पर

## मां लक्ष्मी की आकर्षक मूर्तियां...



**खरोरा।** छत्तीसगढ़ में दीपावली के दिन ग्वालिन को पूजने की परम्परा है। ग्वालिन की प्रतिमाएं अब नए स्वरूप में तैयार होने लगी। साथ ही बहुसंख्यक लोग मां लक्ष्मी की भी पूजा करते हैं। मां की मूर्तियां कई आकर्षक रूप में बाजार में मिल रहीं हैं।

# मतदाता सूची का किया गया प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 जारी किया गया है। इसी अनुक्रम में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया। प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार मतदाताओं की जानकारी निम्नानुसार है, विधानसभा क्रमांक 43 बिलाईगढ़ में मतदान केंद्र 129, पुरुष मतदाता 52338, महिला मतदाता 52458, थर्ड जेंडर 2,कुल मतदाता 104798, विधानसभा क्रमांक 44 कसडोल में मतदान केंद्र 404, पुरुष मतदाता 184597, महिला मतदाता 185313, थर्ड जेंडर 2, कुल मतदाता 369912, विधानसभा क्रमांक 45 बलौदाबाजार में मतदान केंद्र 199, पुरुष मतदाता 91036, महिला मतदाता 92631, थर्ड जेंडर 0, कुल मतदाता 183667, विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा में मतदान केंद्र 282, पुरुष मतदाता 129255, महिला मतदाता 131271, थर्ड जेंडर 11, कुल मतदाता 260537, इस तरह जिले में कुल 1014 मतदान केंद्र, पुरुष मतदाता 457226, महिला मतदाता 461673 थर्ड जेंडर 15, कुल मतदाता ▶▶ शेष पेज 11 पर

- दावा–आपत्ति ली जाएंगी 28 नवंबर तक
- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 जारी

### स्थानांतरण त्रुटि सुधार के लिए फॉर्म नंबर 8

दावा आपत्ति से संबंधित प्रपत्र एवं उनके उपयोग कर सकते हैं, जिसमें फॉर्म नंबर 6 नए मतदाता के रूप में पंजीयन हेतु, फॉर्म 7 नाम विलोपन हेतु या किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के संबंध में आपत्ति हेतु, फॉर्म नंबर 8 स्थानांतरण त्रुटि सुधार, मार्किंग, प्रतिस्थापन एपिक का उपयोग कर सकते हैं। राजनीतिक दलों द्वारा भी बीएलए की नियुक्ति मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल बूथ स्तर पर संबंधित अधिकारियों की सहायता हेतु बीएलए बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त कर सकते हैं।

**कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# बाजार क्षेत्र में हो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय–सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की कलेक्टर दीपक सोनी ने समीक्षा की। उन्होंने दीपावली पर्व पर कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रखते हुए व्यवसायियों तथा लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में खरीदी–बिक्री में किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में पटाखा दुकान आवंटन के उपरांत सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। दुकान स्थल का सुरक्षा मानक रिपोर्ट लेने के लिए तहसीलदार, सीएमओ, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला नगर सेनानी की टीम गठित करें और रिपोर्ट लें। सभी दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। अनुपालन नहीं करने वाले दुकानदारों के दुकान का आवंटन निरस्त करें। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएमओ, तहसीलदार एवं एसडीएम प्रतिदिन नगरीय निकायों में साफ–सफाई ▶▶ शेष पेज 11 पर

**सभी दुकानदारों को मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा**



### पीएम आवास निर्माण के लिए निःशुल्क मिलेगी रेत

कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशानुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को पारदर्शी ढंग से निःशुल्क रेत उपलब्ध कराने हेतु विकसित किये गए सॉफ्टवेयर में सावधानीपूर्वक प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को निःशुल्क रेत परिवहन ट्रैक्टर या छोटे वाहन में करना होगा। ऑनलाइन एंट्री के लिए रोजगार सहायक व तकनीकी सहायक को अधिकृत किया गया है।

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**

## आश्रय वृद्धाश्रम में मनाया 'सबकी दिवाली' उत्सव

**रायपुर।** हेल्पेज इंडिया द्वारा श्याम नगर स्थित आश्रय वृद्धाश्रम में सोमवार को सबकी दिवाली उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास, वृद्धाश्रम के सभी निवासी, हेल्पेज इंडिया के स्टॉफ, कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के विद्यार्थी और सहित 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इसी दौरान वरिष्ठजनों के साथ मिलकर दिवाली की खुशियों का आदान-प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर हेल्पेज इंडिया की ब्रांड एंबेसडर शर्मिला टैगोर का एक विशेष वीडियो मैसेज प्रस्तुत किया, जिसका विषय, सबकी दीवाली किसी वरिष्ठ नागरिक के लिए रोशनी बने, बदलाव लाए। यह संदेश लोगों को प्रेरित करेगा कि वे वरिष्ठजनों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास करें और दिवाली के असली अर्थ को समझें। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के साथ रंगोली बनाई। दीयों की जगमगाहट से पूरा वृद्धाश्रम जगमगाने लगा और बॉलिंग गेम एवं म्यूजिकल गेम्स के माध्यम से सभी को उत्साह से भर दिया। यह आयोजन वरिष्ठजनों के लिए न केवल एक त्योहार था, बल्कि उनके जीवन में खुशियों का नया अनुभव भी था।

## दिव्यांगजनों को बांटी मिठाई, पटाखे भी दिए



**रायपुर।** सक्षम सेवा संस्थान द्वारा सभी दिव्यांग बंधुओं और उनके परिजनों को दिवाली की शुभकामनाओं के साथ मिठाई और पटाखे उनके घर जाकर दिए। साथ ही उनकी समस्याओं की जानकारी सुनी और दिव्यांग बच्चों के साथ फूलझड़ियां जलाकर दिवाली की खुशियां मनाईं। इस मौके पर सदस्यों ने दिव्यांगजनों को होरीलाल यादव के साथ उनकी संस्था दिव्यांगजनों को दी जा रही निशुल्क कोचिंग के बारे में बात की गई। इसी प्रकार सक्षम के लगने वाले शिविर में उनके योगदान की बात की गई। इस अवसर पर अविनाश चटर्जी, सुभाष जंघेल, डॉ. संगीता कश्यप, डॉ. विनय टंडन, मधुकर राव आदि उपस्थित रहे।

## वैशाली को पीएचडी

रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी ने वैशाली बिसेन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय अंग्रेजी, संकाय कला और मानवता तथा थीसिस का शीर्षक 'विजय तेंदुलकर और गिरीश कर्नाड के चुनिंदा नाटकों में महिला पात्रों का प्रतिनिधित्व : एक तुलनात्मक अध्ययन' था। उन्होंने अपना शोधकार्य अंग्रेजी विभाग की पर्यवेक्षक डॉ. सारिका सिन्हा के मार्गदर्शन में किया है।

## गोवर्धन पूजा पर कोषालय और बैंकों में अवकाश

**रायपुर।** दीपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर राज्यभर के कोषालयों और बैंकों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस आशय का आदेश सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा जारी किया गया है।

# करंट से हाथियों की मौत मामले में बिजली अफसर के खिलाफ पीओआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में तीन हाथी शावक, जिसमें एक एलू मदर थी की करंट से मौत के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वन अफसरों से जवाब मांगा है। हाथी शावकों की मौत मामले में रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने एक डिप्टी रेंजर तथा एक फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। इसके ही मामले की गंभीरता को देखते हुए वन डीएफओ के निर्देश पर बिजली विभाग के एक जेई तथा अन्य के खिलाफ पीओआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह घरघोड़ा में तीन हाथी शावकों की 11 केवी लाइन के चपेट में आने से मौत हुई थी। 11 केवी वायर के टूटकर गिरने से हाथी शावकों की मौत हुई थी। हाथियों की मौत मामले की प्रारंभिक जांच में बिजली विभाग की लापरवाही पाई गई थी। साथ ही बिजली तार निचे लटक रहा था। इस बात की जानकारी डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड द्वारा अपने अफसरों के अलावा बिजली विभाग के अफसरों को नहीं देने पर निलंबन की कार्रवाई की गई। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक मामले की पड़ताल की जा रही है। जांच में जो लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हाईकोर्ट ने हाथी की मौत मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा

### बिजली विभाग भी हाथी अलर्ट एप में

रायगढ़ वनमंडल में एक साथ तीन हाथियों की करंट से मौत होने की घटना को वन विभाग ने भी गंभीरता से लिया है। वन मुख्यालय के निर्देश पर हाथी प्रभावित क्षेत्र में बिजली विभाग के अफसरों को हाथी अलर्ट एप में जोड़ा जाएगा। इससे हाथियों की मूवमेंट की जानकारी उन्हें भी मिलती रहे।



- करंट की चपेट में आने से एलू मदर सहित तीन हाथी शावकों की हुई थी मौत
- डिप्टी रेंजर, फारेस्ट गार्ड निलंबित

### हाईकोर्ट के संज्ञान में लेने के बाद हरकत में विभाग

हाथी शावकों की करंट से मौत मामले में हाईकोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान में लेने के बाद विभागीय अफसर मामले की जांच में तेजी लाए हैं। रायगढ़ डीएफओ के मुताबिक हाथियों की करंट से मौत होने की जानकारी मिलने के तत्काल बाद 26 अक्टूबर को डिप्टी रेंजर तथा फारेस्ट गार्ड को निलंबित करने की बात कह रहे हैं।

### परिवार को साथ लेकर चलने वाली होती है एलू मदर

करंट की चपेट में आने से जिन तीन हाथियों की मौत हुई है। वो तीनों मादा हाथी है। इनमें एक ढाई साल की मादा हाथी है। मृत हाथियों में एक 12-13 साल की मादा शावक है। हाथी परिवार में मादा शावक की उम्र 12-13 साल की होती है तो वह अपने परिवार को साथ लेकर चलने के साथ हाथी परिवार में शामिल अन्य शावक हाथियों के केयर करने के साथ उनकी देख-रेख करने का काम करती है। व्यस्क होने के बाद एलू मदर हाथी परिवार की मुखिया बनती है।

### भीड़ में यात्रियों को दुर्घटना से बचाने स्टेशन में आरपीएफ ने तैनात किए अतिरिक्त जवान

# स्टेशन की भीड़ संभालने अब प्लेटफार्म पर ज्यादा जवान तैनात, बुजुर्गों के बने मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दीपावली के करीब आते ही ट्रेनों और प्लेटफार्म पर भीड़ बढ़ने लगी है। अब आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर भीड़ को नियंत्रित करने अतिरिक्ति बल लगाया है, जो यात्रियों को भीड़ के दौरान ट्रेन में चढ़ने व उतरने में मदद कर रहे हैं। मुंबई में भगदड़ के बाद हरिभूमि ने रायपुर में हालत बिगड़ने को लेकर खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद आरपीएफ ने अतिरिक्त बल प्रत्येक प्लेटफार्म पर तैनात किया है। सोमवार को रात्रिकालीन जवान प्लेटफार्म पर ट्रेन के आने के बाद यात्रियों को निगरानी करते नजर आए। भीड़ के कारण जिन बुजुर्गों को ट्रेन में चढ़ने दिक्कत हो रही थी, उन्हें आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन में चढ़ने और उतरने में भी मदद की। प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि स्टेशन में अनाउंसमेंट के जरिए अब यात्रियों को जागरूक किया जा रहा, ताकि एक जगह पर यात्री एकत्रित न हों और जल्दबाजी में ट्रेन में चढ़ते समय यात्री गिर न जाएं।

### अब अनाउंसमेंट के जरिए यात्रियों को कर रहे जागरूक



### चोरों को पकड़ने विशेष अभियान

दीवापली पर भीड़ बढ़ने से स्टेशन में चोरी के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसे लेकर अब रायपुर में प्लेटफार्म पर यात्रियों को जागरूक कर रहे हैं कि फोन में चार्जिंग में डालकर न सोएं। सीसीटीवी की मदद से चोरों की पहचान कर पकड़ा जा रहा है। ट्रेन के भीतर भी स्काउटिंग कर रहे जवान भी यात्रियों को सामान की सुरक्षा करने को लेकर जागरूक कर रहे हैं।



### चेन पुलिंग के मामले में आई कमी

पहले एक प्लेटफार्म पर एक ही जवान को तैनात किया जाता था, लेकिन भीड़ से यात्रियों को बचाने और व्यवस्था को सुधारने के लिए 6 से अधिक जवानों को तैनात किया जा रहा है। ट्रेन के प्लेटफार्म पर खड़े होने के बाद रवाना होने तक आरपीएफ के जवान यात्रियों पर निगरानी रख रहे हैं, ताकि कोई भी यात्री जल्दबाजी के चक्कर में अपनी जिंदगी को खतरे में न डाले। ट्रेन के आने से पहले ही प्लेटफार्म पर भीड़ कम किया जा रहा है, ताकि यात्री को किसी भी तरह की दिक्कत न हो। अतिरिक्त जवानों की तैनाती से अब चेन पुलिंग के मामले में कमी आई है। ट्रेन के भीतर जवान यात्रियों की समस्या दूर कर रहे हैं।

## नगरीय क्षेत्र में मिट्टी के दीये पर किसी प्रकार का कर नहीं वसूलने के निर्देश

**महासमुंद।** दीपावली के शुभ अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में परंपरागत मिट्टी के दीयों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर कुम्हारों एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में इस पर्व पर विक्रय के लिए लाया जाता है। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम, नगर पालिका अधिकारियों और सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि कुम्हार और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दीया विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका संपूर्ण ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में इन विक्रेताओं से किसी भी प्रकार का कर न वसूला जाए। इसके अलावा उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और दीयों से दीपावली को उज्ज्वल बनाएं। इस पहल का उद्देश्य न केवल कुम्हारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना है।




## विधायक मिश्रा ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने जोन-4 अंतर्गत वार्ड 47 में विविध नवीन कार्यों के लिए सोमवार को भूमिपूजन किया। इस वार्ड में आंबेडकर भवन और क्रिश्चियन कॉलोनी में सीसी रोड एवं पेवर ब्लाक तथा सिविल लाइन के मुख्य मार्गों पर डामरीकरण के कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए 59 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। सिविल लाइन वार्डवासियों की सुविधा के लिए आंबेडकर भवन परिसर में पेवर ब्लाक लगाने 19 लाख 37 हजार रुपए, वार्ड के सिविल लाइन में विभिन्न मुख्य मार्गो पर सड़क डामरीकरण कार्य के लिए 20 लाख रुपए एवं क्रिश्चियन कॉलोनी में सीसी रोड एवं पेवर ब्लाक लगाए जाने के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने इन सभी कार्यों का शुभारंभ भूमिपूजन कर किया। इस अवसर पर पार्षद नीलम नीलकंठ जगत, जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन उपस्थित थे।

## स्पॉट बिलिंग कर्मियों ने की समायोजन की मांग, इसे पूरा करवाने 5 दिवसीय हड़ताल

- समान वेतन के लिए 5300 कर्मी करेंगे एक नवंबर से आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडिंग श्रमिक ठेका कर्मचारियों को अब बेरोजगारी का खतरा सताने लगा है। स्मार्ट मीटर प्रीपैड सिस्टम लागू होने से 15 दिन मिलने वाला काम भी बंद होने की स्थिति में है। प्रदेशभर में 65 लाख उपभोक्ताओं के घर मीटर रीडिंग करने वालों को अब नौकरी जाने का डर है। अब 5300 कर्मियों ने विद्युत कंपनी से दूसरे कार्यों की जिम्मेदारी देने के साथ ही समान वेतन की मांग को लेकर कंपनी को ज्ञापन दिया है।

कर्मचारी संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि स्पॉट बिलिंग करने वाले कर्मियों में महिलाएं भी शामिल हैं। भविष्य में नौकरी से बाहर किया जाने का खतरा अब बड़ा रूप ले रहा है। इसे देखते हुए हमने कई बार पत्र व्यवहार और ज्ञापन के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों और सरकार को जगाने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

देवलाल पाटले, सतीश सोनबेर, बलराम साहू ने बताया कि अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो हम राज्य स्थापना दिवस के दिन से ही पांच दिवसीय काम बंद हड़ताल पर जाएंगे। इसके बाद भी हमारे साथ न्याय नहीं किया गया, तो अनिश्चित कालीन हड़ताल करने मजबूर होंगे।

**लोक सांस्कृतिक सुआ नृत्य लोगों को लुभा रहा। बिरकोनी।** सुआ नृत्य पर्व के साथ छग राज्य की पहचान बन गई है। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ नृत्य गीत गांवों में दीपावली के एक सप्ताह पहले शुरू हो चुकी है। क्षेत्र में इन दिनों सुआ नृत्य की धूम मची हुई है। छोटी-छोटी बालिकाएं साड़ी में आकर्षक सज-धज कर टोकरी में मां लक्ष्मी की मूर्ति रखकर सुआ नृत्य करने पहुंच रही है। अनेक टोली सुबह से शाम तक प्रस्तुति दे रही है।







**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम कोट तहसील सरसींवा
जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोट तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक भागवेन्द्र पिता संतोष जाति कोष्टा साकिन कोट तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30.10.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षकर्ता के न्यायालय में स्वत या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची -**
खसरा नंबर 592/10 रकबा क्रमशः 0.031 हे. भूमि

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 21.10.2024 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम कोट तहसील सरसींवा
जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोट तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक भागवेन्द्र पिता संतोष जाति कोष्टा साकिन कोट तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30.10.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षकर्ता के न्यायालय में स्वत या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची -**
खसरा नंबर 592/10 रकबा क्रमशः 0.014 हे. भूमि का

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 21.10.2024 को जारी किया गया है।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार/उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र...अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम-कोट तहसील सरसींवा,
जिला -सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोट तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिए व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदिका श्रीमती बुंदेश्वरी पति संतोष कुमार जाति कोष्टा साकिन कोट तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रुप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30/10/2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूचीः-**
खसरा नं. 592/9 रकबा 0.016 हे. भूमि पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 21/10/2024 को जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़**

## दिवाली पर छाए रहेंगे बादल बस्तर में हल्की बारिश के आसार

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और ओडिशा के ऊपर बने चक्रवाती घेरे के प्रभाव से इस बार दिवाली का त्योहार बादल और हल्की बारिश के बीच मनाया जाएगा। बादलों की वजह से दिन में तेज धूप से राहत मिली है, वहीं तापमान ज्यादा होने के बाद भी राहत बनी हुई है। रायपुर समेत प्रदेश पिछले दो-तीन दिनों से बादल छाए हुए हैं, वहीं हवा की गति भी सामान्य से ज्यादा है। इसके प्रभाव से दिन के मौसम में ठंडक है और धूप का प्रभाव महसूस नहीं हो रहा है। सोमवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी तटीय ओडिशा के ऊपर हवा का एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### स्वयंसेवक और यातायात पुलिस की रही चौराहों पर तैनाती

# त्योहारी सीजन में यातायात की कमान संभालने सड़क पर उतरे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जारी त्यौहारी माहौल के चलते इन दिनों शहर के मुख्य मार्ग एवं चौक चौराहों में भारी भीड़ का आलम है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने शासकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस का सहयोग करते हुए एक नई पहल की।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इस पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन धनतेरस के अवसर पर 29 अक्टूबर को हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था में सहायता प्रदान की। सेवा से सीखे कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख स्थानों बरोंडा चौक, कांग्रेस भवन चौक आदि जगह यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में स्वयंसेवकों ने यातायात पुलिस का पूरा सहयोग किया। ट्रैफिक प्रभारी ने स्वयंसेवकों को तीन टीमों में बांटा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी



सेवाएं दे रही थीं। कचहरी चौक में गुलशन साहू, फाल्गुन सिदार, अहिंसा चौक में सौरभ सिन्हा, गुलशन पटेल, बिठोबा टॉकीज रोड चौक में पंकज साहू, गोवर्धन सिंह रहे। सभी स्वयंसेवकों ने अपनी जिम्मेदारियों का उत्साहपूर्वक निर्वहन किया और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। शहर के व्यस्ततम सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में किए गए उनके योगदान के लिए उन्हें नागरिकों द्वारा भी प्रशंसा मिली।

#### पोर्टल की वर्षगांठ पर हुआ नवाचार

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मायभारत पोर्टल की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम रासेयो क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद, प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. डीएस रघुवंशी (सीएसवीटीयू भिलाई) और डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यातायात पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं ट्रैफिक इंचार्ज आनंद घृतलहरे के निर्देशन में किया गया। अंत में यातायात पुलिस द्वारा सभी स्वयंसेवकों को ट्रैफिक पुलिस की टोपी पहनाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कार्य की सराहना की गई।

## पेज 9 के शेष

### मतदाता सूची का ...

918914 है। इसी तरह दावा और आपत्तियों का कार्यक्रम निम्नानुसार तय है जिसमें एकीकृत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को, दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथियां 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक, विशेष शिविर की तिथियां 9 नवंबर, 10 नवंबर, 16 नंवबर तथा 17 नवंबर, दावा आपत्तियों के निराकरण की अंतिम 24 दिसंबर तक, डाटाबेस अद्यतन करना, तथा अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना 1 जनवरी 2025 मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। सभी मतदान केंद्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने तिथियों में अविहित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आवेदक ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से भी कर सकते हैं।

### पटाखा दुकानों का ...

पर निर्देशित किया गया। संयुक्त टीम द्वारा फटाखा लायसेंस, पानी, रेत, अग्निशमन व टीन शेड की जांच की गई तथा कलेक्टर एवं नगर पालिका द्वारा जारी नियम/ शर्तों व निर्देश का पालन करने सूचित किया गया।

### बाजार क्षेत्र में ...

की कड़ाई से निगारनी करने के निर्देश दिए। आगामी 5 नवम्बर को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारी की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टालों की साज–सज्जा विभागीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए गरिमापूर्ण होनी चाहिए।






## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया पूर्व नपाध्यक्ष का जन्मदिन

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर का जन्मदिन समर्थकों ने उत्साह के साथ मनाया। समर्थकों, कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने दूरभाष, सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की। विभिन्न स्थानों पर चंद्राकर के जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा व नपं तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पार्षद महेंद्र जैन, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, भाजपा नेता संदीप घोष, भाजपा नेता राजू बाघमारे, गोपाल चंद्राकर, संतोष वर्मा, भाऊराम साहू, विक्की नायक, मन्नू मोंगरे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रारंभ


**महासमुंद।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि की स्थिति में निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन जिले के समस्त मतदान केंद्रों और निर्वाचक रजिस्ट्रेशन कार्यालयों में किया गया है। मतदाता अपने नाम जोड़ने, सुधारने या विलोपित करने के लिए 28 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मतदाता द्वारा अपना दावा आपत्ति बीएलओ या ऑनलाइन ओटर हेल्पलाइन एप, वोटर्स डॉट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### विवाह से पूर्व वर-वधू को अनापत्ति प्रमाण लेने पर की गई चर्चा

**कांकेर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति की सामान्य सभा की बैठक रविवार को महाराणा प्रताप मंगल भवन बरदेभाटा में हुई। बैठक में महासभा से प्राप्त निर्देशों से सदन को अवगत कराया गया। विवाह से पूर्व वर-वधू के लिए समाज से अनापत्ति प्रमाण लेने की अनिवार्यता पर जोर दिया। समाज से असंबधितों या अन्य समाज से किए जा रहे विवाह को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में भवन रख रखाव के साथ समाज को संगठित करने के लिए भी चर्चा किया गया।

## निधन

### कलेश्वर श्रीवास



**बलौदाबाजार।** ग्राम ससहा निवासी कलेश्वर श्रीवास 60 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम ससहा मोक्षधाम में किया गया। श्री श्रीवास की अंतिम यात्रा में परिजनों, ईष्टमित्र सहित ग्रामवासी शामिल हुए। वे रामहरी सेन, कुलेश्वर सेन, चिंता सेन के अनुज एवं जितेन्द्र, चंद्रिका, अमित श्रीवास के पिता थे।

### पुन्नीबाई कनौजे



**बलौदाबाजार।** ग्राम लटुवा निवासी 55 वर्षीय पुन्नीबाई कनौजे का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे खम्हन कनौजे की पत्नी व मिथलेश, अक्षय की माता थीं।

# कौशल विकास कार्यक्रम : बच्चे अपने अधिकार और सुरक्षा के प्रति हो जागरूक

## किशोर न्याय अधिनियम और पाक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण पहलुओं हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने विकासखंड कसडोल अंतर्गत आईटीआई असनींद एवं विकासखंड भाटापारा ग्राम पंचायत तरेंगा में आयोजित कौशल विकास कार्यक्रम में बालकों के अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम और पाक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही बाल श्रम के खतरों के बारे में समझाया, जिससे बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित बचपन से वंचित नहीं होना पड़े।

कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर भी विशेष चर्चा की गई, ताकि ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को इसके अवांछनीय परिणामों की जानकारी हो। नशावृत्ति के मुद्दे पर भी गहन चर्चा हुई और बच्चों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त, गुड टच और बेड टच की अवधारणा को सरल तरीके से समझाया गया, जिससे बच्चे किसी भी अनचाहे संपर्क को समझ सकें और उससे बचने के उपाय जान सकें। टीम ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और डायल 112 की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी, जिससे आपात स्थिति में बच्चे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति के महत्व पर भी जोर दिया गया।





### स्पॉन्सरशिप योजनाओं की दी जानकारी

पंचायत प्रतिनिधियों को इसे सक्रिय रूप से कार्यरत रखने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त, स्पॉन्सरशिप योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके। शिविर में छात्र–छात्राओं, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। बाल संरक्षण से संबंधित जानकारियों को समझा और अपने गांव में बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

## पहल : कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मंगलवार को सवेरे जिला मुख्यालय स्थित पं. चक्रपाणि शुक्ल शासकीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चक्रपाणि स्कूल से नगर भ्रमण होते हुए आउटडोर स्टेडियम तक आयोजित एकता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग के अधिकारीयों–कर्मचारियों सहित सभी शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकंडरी शालाओं के छात्र–छात्राओं और गणमान्य नागरिकों सहित मीडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलेक्टर दीपक सोनी ने सुबह 8 बजे हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। साथ ही दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

इस अवसर पर कलेक्टर ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्रीय एकता में उत्कृष्ट योगदान पर उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। सोनी ने कहा कि एकता और संवेदनशीलता के साथ ही एक अच्छे समाज का निर्माण करते हुए देश को सशक्त बनाया जा सकता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एडिशन एस पी अभिषेक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य के एस तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी, युवा छात्र–छात्राएं विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## खम्हारिया की छात्राओं का संभाग स्तरीय हाकी में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया विकासखंड बिलाईगढ़ के छात्राओं का टी साहू खेल के कुशल प्रशिक्षण में विकासखंड एवं जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर संभागीय स्तर पर बिलासपुर के लिए चयन हुआ है। ग्रामीण स्तर के विद्यालय में इस प्रकार छात्राओं का संभागीय स्तर में चयन होना गर्व की बात है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य एसएल पटेल एवं समस्त विद्यालय परिवार छात्राओं को शुभकामना दी है। चयनित विद्यार्थियों को केएन लकड़ा, एस के डडसेना, एमएल सिदार, आरएल साहू, मुरली वर्मा, पीएल पटेल, डीआर साहू, श्री मनोज, सुश्री सीनायक, दीपिका नवरत्न, आर बंजारे ने शुभकामनाएं दी।

### धनतेरस पर रंगोली से सजाए गए घर-द्वार



**खरोरा।** दीपावली पर्व के आते ही घर के आंगन में आकर्षक रंगोली देखने को मिल रही है। धनतेरस के अवसर पर डॉली वर्मा द्वारा अपने घर के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाती हुई।

# रोगों से मुक्ति दिलाने में कारगर है आयुर्वेद के सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



संचालनालय आयुष के आदेशानुसार कार्यालय जिला आयुष द्वारा मंगलवार को जनचौपाल कक्ष संयुक्त कलेक्टर कार्यालय भवन बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वतरी की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ. गोदावरी पैकरा ने की एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एलएस ध्रुव द्वारा आयुर्वेद के महत्व के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में एमडी मानिकपुरी द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतों को आत्मसात कर अपने जीवन को रोग मुक्त रखने के बारे में बताया गया। विभाग की वरिष्ठ चिकित्सिका डॉ. उत्तरा खंडेल द्वारा भी आयुर्वेद की उत्पत्ति के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिला आयुष अधिकारी द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतीज्ञा की शपथ दिलायी गई। आयुष विभाग में विभिन्न शासकीय आयुर्वेद एवं होम्योपैथी औषधालयों में पदस्थ सभी चिकित्सकों एवं आयुर्वेद फार्मासिस्टों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## दीप जलाकर लिया आरोग्य का आशीर्वाद..



**खरोरा।** अंचल के अनेक गांवों में मंगलवार शाम धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना कर आरोग्य तथा सुख–समृद्धि की कामना की। दीप पर्व के प्रथम दिवस धनतेरस पर 13 दीए प्रज्वलित किए और पूजा–अर्चना की गई। प्रत्येक घरों में जल रहे दीए की रोशनी से पूरा गांव व शहर जगमगा उठा। सरिका वर्मा, तनु वर्मा ने बताया कि धनतेरस पर्व सभी के जीवन में उल्लास लेकर आता है आरोग्य देने वाले आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा–अर्चना करने से अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अफसरों के तबादले

# दुर्ग, बीरगांव, धमतरी नगर निगम आयुक्त सहित कई जिला पंचायत सीईओ बदले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अधिकारियों का तबादला किया गया है। जारी आदेश में इन अधिकारियों को आयुक्त नगर निगम और सीईओ जिला पंचायत के पद पर नियुक्त किया गया है। बीरगांव नगर निगम आयुक्त के पद पर युगल किशोर उर्वशा को पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों के तबादला किया गया है, उनमें आशुतोष पांडेय विशेष सहायक स्वास्थ्य मंत्री को आयुक्त नगर निगम कोरबा, अश्वनी देवांगन सीईओ जिला पंचायत दुर्ग को उप सचिव मंत्रालय, लोकेश कुमार चंद्राकर आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग को उप सचिव मंत्रालय, देवनारायण कश्यप उप सचिव वन विभाग मंत्रालय को आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर, संदीप कुमार अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत कबीरधाम को सीईओ जिला पंचायत बिलासपुर, हरेश मंडावी आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर को सीईओ जिला पंचायत कांकेर, सुमीत अग्रवाल सीईओ कांकेर को आयुक्त नगर पालिक निगम दुर्ग, राजीव कुमार पांडेय अपर कलेक्टर रायगढ़ को आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई, अजय कुमार त्रिपाठी उप सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को सीईओ जिला पंचायत कबीरधाम, दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर कोरबा को सीईओ जिला पंचायत कोरबा, बजरंग कुमार दुबे अपर कलेक्टर दुर्ग को सीईओ जिला पंचायत दुर्ग, अभिषेक कुमार गुप्ता अपर आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव को अपर कलेक्टर बलौदाबाजार, प्रकाश सिंह राजपूत को, आयुक्त नगर पालिक निगम अंबिकापुर को अपर कलेक्टर गरियाबंद, निर्भय कुमार साहू अपर कलेक्टर कबीरधाम को आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर, सुनील कुमार चंद्रवंशी आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ को अपर कलेक्टर बिलासपुर, विनय कुमार दीवान आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी को संयुक्त कलेक्टर धमतरी, अतुल कुमार शेटे डिप्टी कलेक्टर बीजापुर को बलौदाबाजार भाटापारा, बृजेश कुमार क्षत्रिय आयुक्त नगर पालिक निगम बीरगांव को आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़ आदि पदस्थ किया गया है।

## नेशनल हाईवे पर मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कबड्डी का मैच देखने गए एक अधेड़ का शव मिला है। मृतक के शरीर पर चोट और गला घोंटने के निशान पाए जाने पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पटेवा पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर को 3 बजे नवागांव पड़ाव-बोड़रा पड़ाव के मध्य एनएच 53 पर एक व्यक्ति का शव पाया गया था। जिसकी जांच के दौरान मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 40-45 वर्ष के परिजन भाई मंशाराम साहू, मनोहर साहू के द्वारा अपने बड़े भाई आशाराम साहू पिता धरमू साहू (48 साल) निवासी गढसिवनी थाना तुमगांव जिला महासमुंद के रूप में पहचान किया गया। साथ ही शरीर में पहने हुए हरे काई रंग के फूल शर्ट, मटमैला रंग के फूल पैंट को मृतक आशाराम साहू का नहीं होना बताया। वहीं अंडरवियर एवं सेंडो को मृतक का होना बताया। पुलिस की पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि आशाराम साहू 26 अक्टूबर की रात खाना खाकर गांव में आयोजित कबड्डी देखने गया था, जो 27 अक्टूबर की सुबह तक घर वापस नहीं आया था। जिसकी तलाश की जा रही थी, तभी पता चला कि नवागांव-बोड़रा पड़ाव एनएच 53 रोड के मध्य एक व्यक्ति का एक्सीडेंट हुआ है, जिसका शव सरकारी अस्पताल तुमगांव में रखा है।

### 34 नामांकन सही, 12 प्रत्याशियों के निरस्त

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 46 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की सोमवार को जांच हुई, जिसमें 34 प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। 12 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त किए गए। अधिकतर प्रत्याशियों को शपथ अपूर्ण एवं नोटिस जारी करने के बाद संशोधित शपथ पत्र प्रस्तुत न करने के कारण 11 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। वहीं एक प्रत्याशी का नामांकन मतदाता सूची की प्रमाणित उद्धहरण प्रस्तुत न किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के नामांकन पर आपत्ति जताई। उनकी आपत्ति थी कि मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह पर दर्ज है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनकी शिकायत को सूची में संशोधन न होने के आधार पर अस्वीकार कर दिया।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग

4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411